ंआकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 08.03.2026

समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित वरिष्ठ मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम में शिरकत की। कहा–मातृशक्ति केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

- गैरसेंण के भराड़ीसैंण में कल 9 मार्च से 13 मार्च तक बजट सत्र आहूत, सुरक्षा को लेकर पुलिस की तैयारियां पूरी।

- युद्ध शुरू होने के बाद से खाड़ी देशों से 52 हजार से अधिक भारतीयों को स्वदेश लाया गया।

- **और,** और आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में आज शाम अहमदाबाद में भारत का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा।

-----------------------------------------------

**वरिष्ठ मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मातृशक्ति को शुभकामनाएं दी। देहरादून में आयोजित वरिष्ठ मातृशक्ति सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा हमारी मातृशक्ति केवल परिवार ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। श्री धामी ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, महिला उद्यमिता को बढ़ावा, लखपति दीदी जैसी योजनाओं का विस्तार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमत्री ने प्रदेश की विभिन्न महिलाओं को सम्मानित भी किया।

-----------------------------------------------

**बजट सत्र**

प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसेंण के भराड़ीसैंण में कल 9 से 13 मार्च तक बजट सत्र आहूत किया गया है। बजट सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली है। सत्र को सकुशल संपन्न करने के लिए भराड़ीसैंण में सुरक्षा में लगे कार्मिकों की पुलिस ब्रीफिंग की गई। अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध एवं कानून व्यवस्था) डॉ. वी. मुरूगेशन द्वारा ड्यूटी में तैनात सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार ने भी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्र के दौरान पूर्ण सतर्कता, अनुशासन तथा समन्वय के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

------------------------------------------------

## नूतन न्याय संहिता

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरिद्वार के बैरागी कैंप में उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित 'नूतन न्याय संहिता' विषय पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की गई है। एक रिपोर्ट–

प्रदर्शनी में आम नागरिकों, अधिवक्ताओं, पुलिस और अभियोजन अधिकारियों सहित सभी हितधारकों को आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में नई न्याय संहिताओं की प्रमुख विशेषताओं को सरल और दृश्य माध्यमों से प्रस्तुत किया गया है। इनमें समयबद्ध जांच और चार्जशीट की अनिवार्यता, जीरो एफआईआर और ई–एफआईआर की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक दंडनीय अपराधों में अनिवार्य फॉरेंसिक जांच, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों की वैधता तथा महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों से जुड़े सशक्त प्रावधान शामिल हैं। उत्तराखंड नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में देश में पहले स्थान पर रहा है। यह प्रदर्शनी 9 मार्च तक जारी रहेगी।

------------------------------------------------

## नूतन न्याय संहिता

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरिद्वार के बैरागी कैंप में उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित 'नूतन न्याय संहिता' विषय पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी भारत सरकार द्वारा लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और जनजागरूकता के उद्देश्य से आयोजित की गई है। एक रिपोर्ट–

प्रदर्शनी में आम नागरिकों, अधिवक्ताओं, पुलिस और अभियोजन अधिकारियों सहित सभी हितधारकों को आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली की जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी में नई न्याय संहिताओं की प्रमुख विशेषताओं को सरल और दृश्य माध्यमों से प्रस्तुत किया गया है। इनमें समयबद्ध जांच और चार्जशीट की अनिवार्यता, जीरो एफआईआर और ई–एफआईआर की व्यवस्था, सात वर्ष से अधिक दंडनीय अपराधों में अनिवार्य फॉरेंसिक जांच, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों की वैधता तथा महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों से जुड़े सशक्त प्रावधान शामिल हैं। उत्तराखंड नए कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन में देश में पहले स्थान पर रहा है। यह प्रदर्शनी 9 मार्च तक जारी रहेगी।

------------------------------------------------

## सीबीएसई

पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने इस क्षेत्र में 9, 10 और 11 मार्च की 12वीं की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। बोर्ड ने बताया कि 10 मार्च को स्थिति की समीक्षा की जाएगी और 12 मार्च से होने वाली परीक्षाओं के संबंध में उचित कार्रवाई होगी। विद्यार्थियों को अपने विद्यालयों के संपर्क में रहने और आधिकारिक घोषणाओं का पालन करने की सलाह दी गई है।

------------------------------------------------

## विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से 7 मार्च तक खाड़ी क्षेत्र से 52 हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को स्वदेश वापस लाया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता

रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार पश्चिम एशिया और खाड़ी के घटनाक्रम पर लगातार नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और अधिक भारतीयों को वापस लाया जाएगा। भारतीय नागरिकों को दूतावास के परामर्शों का पालन करने की सलाह दी गई है। भारतीय दूतावासों में हेल्पलाइन शुरू की हैं। मंत्रालय ने प्रश्नों का उत्तर देने के लिए नई दिल्ली में एक विशेष नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया है।

.................................................

## टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल आज अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन भारत और न्यूजीलैंड के बीच 7 बजे से खेला जाएगा। भारतीय टीम चौथी बार जबकि न्यूजीलैंड दूसरी बार प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंची है। भारत ने रोमांचक सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया है।

.................................................

## नैनीताल

नैनीताल जिले के काठगोदाम से पश्चिम बंगाल के चौबीस परगना जिले के ठाकुर नगर के लिए रेलवे आगामी 15 मार्च को एक विशेष रेलगाड़ी का संचालन करेगा। इस ट्रेन का संचालन एक फेरा के लिए किया जाएगा। यह ट्रेन रविवार को काठगोदाम से पूर्वाह्न दस बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन अपराह्न आठ बजकर चालीस मिनट पर ठाकुर नगर पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह रेलगाड़ी बुधवार को ठाकुर नगर से दस बजकर बीस मिनट पर चलकर अगले दिन अपराह्न साढ़े ग्यारह बजे काठगोदाम पहुंचेगी।

.................................................

## श्री झण्डा जी मेला

देहरादून के ऐतिहासिक श्री झण्डा जी मेला के तहत विधि–विधान के साथ श्री झण्डे जी के आरोहण की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। दरबार श्री गुरु राम राय महाराज परिसर में सुबह से ही संगतों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। महंत देवेन्द्र दास महाराज की अगुवाई में पारंपरिक रीति–रिवाजों के अनुसार पूजन–अर्चना और अरदास की गई। इसके पश्चात पवित्र ध्वजदण्ड का स्नान और अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। दोपहर 2 बजे से 4 बजे के मध्य श्री झण्डे जी का विधिवत आरोहण किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संदेश में देहरादून के ऐतिहासिक श्री झण्डा जी मेला के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिवर्ष श्री गुरु राम राय जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर परंपरागत रूप से आयोजित यह ऐतिहासिक एवं पावन मेला मानवता, विश्वास और आस्था से ओत–प्रोत विशिष्ट परंपराओं को संजोए हुए हैं।

.................................................

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाली प्रदेश की प्रतिभाशाली बेटियों को फोन पर वार्ता कर बधाई और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने किच्छा की शांभवी तिवारी द्वारा 46 वीं रैंक और टिहरी की मीनल नेगी द्वारा 66 वीं रैंक प्राप्त करने को प्रदेश के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद प्रदेश की बेटियां अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर

राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उत्तराखण्ड का मान बढ़ा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

-----------------------------------------------

**पिथौरागढ़**

पिथौरागढ़ में जिलाधिकारी आशीष कुमार भटगाई द्वारा वर्ष 2025—26 के अंतर्गत जिला योजना, राज्य सेक्टर, केंद्र पुरोनियोजित और बाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में फरवरी 2026 तक विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष व्यय एवं प्रगति का आकलन किया गया। बैठक में बीस सूत्रीय कार्यक्रम एवं जिला योजना की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि आगामी माह में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाई देती है तो संबंधित विभागों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

-----------------------------------------------

**मौसम**

और अब बात मौसम की। प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और चार हज़ार मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी की संभावना जताई है। आगामी चार से पांच दिनों तक पहाड़ी इलाकों में इसी तरह की मौसम बने रहने के आसार हैं। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

-----------------------------------------------